आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार एकांश

देहरादून (उत्तराखण्ड)

मंगलवार 16.09.2025 समय 07.20

**पहले मुख्य समाचार :–**

- केंद्रीय विद्युत मंत्रालय ने देहरादून और ऋषिकेश शहर में बिजली आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए 547 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की।
- यूपीसीएल ने अक्षय ऊर्जा में रचा इतिहास, 2027 का सोलर रूफटॉप लक्ष्य अगस्त 2025 में ही किया हासिल।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा से शिष्टाचार भेंट की; राज्य के आर्थिक विकास और डिजिटल वित्तीय समावेशन पर हुई चर्चा।
- **और,** देहरादून के सहस्रधारा क्षेत्र में कल देर रात अतिवृष्टि से सामान्य जन–जीवन प्रभावति; प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में आज भारी बारिश का यलो अलर्ट।

**समाचार विस्तार से–**

**धनराशि स्वीकृत**

केंद्रीय विद्युत मंत्रालय ने उत्तराखंड के लिए 547 दशमलव आठ–तीन करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। इस राशि से ऋषिकेश में विद्युत वितरण संरचना और भूमिगत केबलिंग कार्य तथा राजधानी देहरादून में आधुनिक निगरानी नियंत्रण और डाटा संग्रहण प्रणाली विकसित की जाएगी।

इन परियोजनाओं से दोनों शहरों की बिजली आपूर्ति व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी तथा उपभोक्ताओं को सुगम, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण बिजली उपलब्ध हो सकेगी।

मुख्यमंत्री धामी ने इस स्वीकृति के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल खट्टर का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में उत्तराखंड को लगातार केंद्र सरकार से सहयोग मिल रहा है, जिससे राज्य की विकास गति को नई दिशा मिल रही है। इन योजनाओं से लाखों उपभोक्ताओं को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि किच्छा क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित मांग पर भी केंद्र ने पहल की है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने महाराणा प्रताप चौक के समीप मुख्य रेलवे क्रॉसिंग पर अंडरपास निर्माण के लिए निर्देश जारी किए हैं। इसके लिए अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण कर शीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया है।

## कीर्तिमान

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लिमिटेड–यू०पी०सी०एल ने अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। ऊर्जा मंत्रालय द्वारा प्रदेश में मार्च 2027 तक 40 हजार सोलर रूफटॉप संयंत्र लगाने का लक्ष्य दिया गया था, जिसे यूपीसीएल ने अगस्त 2025 में ही पूरा कर लिया। प्रदेश में अब तक 42 हजार से अधिक सोलर रूफटॉप संयंत्र स्थापित हो चुके हैं, जिनकी कुल उत्पादन क्षमता लगभग 156 मेगावाट है।

यूपीसीएल के प्रबंध निदेशक अनिल कुमार ने कहा कि यह उपलब्धि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व और उपभोक्ताओं के सहयोग से संभव हुई है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री की 'पीएम सूर्य–घर मुफ्त बिजली' योजना को घर–घर तक पहुँचाना गर्व की बात है।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उत्तराखण्ड ने समय से पहले लक्ष्य हासिल कर स्वच्छ ऊर्जा और आत्मनिर्भरता की दिशा में बड़ी उपलब्धि पाई है। उन्होंने यूपीसीएल और प्रदेशवासियों को बधाई दी और कहा कि राज्य हरित ऊर्जा के क्षेत्र में देश को नई दिशा देगा।

## रेल मंत्रालय

रेल मंत्रालय ने निर्णय लिया है कि पहली अक्टूबर से सामान्य आरक्षण खुलने के पहले 15 मिनट के दौरान, केवल आधार प्रमाणित उपयोगकर्ता ही आई०आर०सी०टी०सी की वेबसाइट और उसके ऐप के माध्यम से टिकट बुक कर सकेंगे। वर्तमान में, यह पाबंदी केवल तत्काल बुकिंग पर लागू है। मंत्रालय ने कहा कि यह निर्णय यह सुनिश्चित करने के लिए लिया गया है कि टिकट आरक्षण प्रणाली का लाभ आम उपयोगकर्ता तक पहुँच सकें और इसका दुरुपयोग न हो।

हालाँकि, मंत्रालय ने कहा कि वर्तमान में भारतीय रेलवे के कम्प्यूटरीकृत यात्री आरक्षण प्रणाली काउंटरों के माध्यम से सामान्य आरक्षित टिकटों की बुकिंग के समय में कोई बदलाव नहीं होगा। सामान्य आरक्षण खुलने के दस मिनट के दौरान रेलवे के अधिकृत टिकट एजेंटो को पहले की तरह आरक्षित टिकट बुक करने की अनुमति नहीं होगी।

## समीक्षा

मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने सचिवालय में जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर जनपद एवं अधीनस्थ न्यायालयों तथा पारिवारिक न्यायालयों के आवासीय और अनावासीय भवनों के लिए भूमि हस्तांतरण पर समीक्षा की। उन्होंने पौड़ी, हरिद्वार, रुद्रप्रयाग और देहरादून जिलाधिकारियों को शीघ्र भूमि चिन्हित कर हस्तांतरित करने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने 21 सितम्बर को प्रस्तावित उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की स्नातक स्तरीय परीक्षा की तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि परीक्षा पारदर्शी ढंग से आयोजित की जाए और सभी व्यवस्थाएं पूरी तरह चाक–चौबंद रहें।

उन्होंने गोपनीय सामग्री को डबल लॉक, सीसीटीवी और सुरक्षा गार्डों की निगरानी में रखने, संवेदनशील जिलों की सीमाओं पर सघन चेकिंग तथा नकल गतिविधियों और संदिग्ध कोचिंग संस्थानों पर नजर रखने के निर्देश दिए।

## जन सुविधाएं

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर दून अस्पताल में 48 घंटे के भीतर जन सुविधाएं बढ़ा दी गई हैं। अब अस्पताल के वेटिंग एरिया में पंखे लगाए गए हैं और तीमारदारों के लिए मास्क व सेनेटाइजर की व्यवस्था की गई है।

मुख्यमंत्री ने शनिवार को अस्पताल का औचक निरीक्षण कर साफ–सफाई, नियमित सैनिटाइजेशन और बैठने की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद अस्पताल परिसर में सफाई व्यवस्था में सुधार किया गया है और रंग–रोगन का काम भी शुरू हुआ है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मरीजों के साथ–साथ तीमारदारों की सुविधाओं का भी ध्यान रखा जाना जरूरी है।

## शिश्टाचार भेंट/आरबीआई गवर्नर

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भारतीय रिज़र्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने मुख्यमंत्री आवास में शिष्टाचार भेंट की। मुलाकात में राज्य के आर्थिक विकास, बैंकिंग विस्तार और डिजिटल वित्तीय समावेशन पर चर्चा हुई।

मुख्यमंत्री ने ग्रामीण और पर्वतीय क्षेत्रों में बैंकिंग सुविधाओं के विस्तार, डिजिटल भुगतान प्रणाली को बढ़ावा देने और वित्तीय साक्षरता कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिये आरबीआई से सहयोग का अनुरोध किया। उन्होंने बैंकिंग सेवाएं हर क्षेत्र तक पहुंचाने पर जोर दिया ताकि जनता को सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ मिल सके।

आरबीआई गवर्नर ने उत्तराखंड सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए राज्य को हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों में बैंकिंग और वित्तीय साक्षरता कार्यक्रमों को बढ़ावा दिया जाएगा और एमएसएमई क्षेत्र को भी अधिक वित्तीय सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

## अतिवृश्टि

देहरादून के सहस्रधारा क्षेत्र में देर रात अतिवृष्टि से नुकसान की ख़बर है। कर्लीगार्ड इलाके में सड़के क्षतिग्रस्त हुई हैं, जबकि मुख्य बाजार में दो से तीन होटल और सात से आठ दुकानें क्षतिग्रस्त हुई हैं। अतिवृष्टि के बाद से प्रशासन राहत और बचाव कार्य चला रहा है और करीब 100 लोगों को सुरक्षित रेस्क्यू किया गया है। एक से दो लोगों के लापता होने की आशंका जताई जा रही है।

इस बीच, राजधानी देहरादून के विभिन्न हिस्सों में कल शाम से विभिन्न स्थानों पर बारिश का दौर जारी है। मौसम विज्ञान केंद्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज देहरादून सहित प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में मध्यम से तेज और कहीं–कहीं भारी बारिश की संभावना है, जिसे देखते हुए यलो अलर्ट जारी किया गया है। भारी बारिश की संभावना के मद्देनजर आज देहरादून और नैनीताल जिले में सभी स्कूल और आगनवाड़ी केंद्रों में एक दिन का अवकाश घोषित किया गया है।

उधर, रुद्रप्रयाग में खराब मौसम के कारण कल केदारनाथ धाम के लिए हेलीकॉप्टर सेवाएं पूरी तरह ठप रहीं। करीब तीन महीने के बाद यहां हेली सेवाएं शुरू होनी थीं। लेकिन गुप्तकाशी, फाटा और सिरसी से उड़ान भरने वाली छह हेली कंपनियों की एक भी शटल दिनभर संचालित नहीं हो सकी। सुबह से ही केदारघाटी में घना कोहरा छाया रहा और दिन चढ़ने तक मौसम में सुधार न होने से उड़ानें रद्द करनी पड़ीं तथा लगभग 600 टिकट रद्द किए गए।

## जनता द□ान कार्यक्रम

देहरादून के जिलाधिकारी सविन बंसल की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार में जनता दर्शन कार्यक्रम आयोजित हुआ। चार घंटे चले इस कार्यक्रम में 194 समस्याएं दर्ज हुईं, जिनमें से अधिकांश का समाधान मौके पर ही किया गया।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जन समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता पर किया जाए, अन्यथा सख्त कार्रवाई होगी। कार्यक्रम से अनुपस्थित जल निगम के अधिशासी अभियंता का वेतन रोके जाने के आदेश दिए गए।

जनता दर्शन में सड़कों, पेयजल, आपदा से क्षतिग्रस्त संपत्तियों और अवैध कब्जों जैसी समस्याएं प्रमुख रहीं। जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को इन मामलों पर त्वरित और ठोस कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## बीआईएस–मानक मंथन

भारतीय मानक ब्यूरो– बीआईएस ने देहरादून में मशीनरी और विद्युत उपकरण सुरक्षा (सार्वत्रिक तकनीकी विनियमन) विषय पर 'मानक मंथन' कार्यक्रम का आयोजन किया।

बीआईएस देहरादून शाखा कार्यालय प्रमुख सौरभ तिवारी ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र में मशीनरी सुरक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है। बीआईएस की प्रमाणन योजनाएं उद्योगों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा मानकों के अनुरूप कार्य करने में मदद कर रही हैं।

इस अवसर पर मेयर सौरभ थपलियाल ने कहा कि गुणवत्ता और सुरक्षा एक–दूसरे से गहराई से जुड़ी हैं। उन्होंने उद्योगों से सुरक्षित एवं सतत विकास के लिए उच्च गुणवत्ता मानकों को अपनाने का आह्वान किया।

तकनीकी सत्र का संचालन मशीन सुरक्षा विशेषज्ञ समीर कंचन ने किया। उन्होंने मशीनरी सुरक्षा विनियमन, अंतरराष्ट्रीय मानकों से उनकी प्रासंगिकता और टाइप ए, बी व सी मानकों की श्रेणियों पर विस्तार से जानकारी दी। साथ ही बीआईएस की योजनाओं, लाइसेंस और प्रमाणन प्रक्रिया पर भी प्रकाश डाला।

## और एक नजर आज के समाचार पत्रों पर

सुप्रीम कोर्ट द्वारा पूरे वक्फ संशोधन कानून पर रोक लगाने से इनकार करने की खबर को आज के सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है। हिदुस्तान समाचार पत्र ने शीर्षक दिया है– वक्फ संशोधन कानून शर्तों के साथ बरकरार। अमर उजाला लिखता शीर्ष अदालत के हवाले से लिखता है– वक्फ संशोधन कानून पर रोक नहीं, तीन प्रावधान स्थगित।

जौली ग्रांट देहरादून एयरपोर्ट से एयर इंडिया एक्सप्रेस की देहरादून–बेंगलुरू सेवा की शुरूआत हुई है। इस पर हिंदुस्तान समाचार पत्र ने लिखा है– देहरादून–बेंगलुरू हवाई सेवा शुरू, तीन घंटे में पहुंचेंगे।

**अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर–**

- केंद्रीय विद्युत मंत्रालय ने देहरादून और ऋषिकेश शहर में बिजली आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए 547 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की।
- यूपीसीएल ने अक्षय ऊर्जा में रचा इतिहास, 2027 का सोलर रूफटॉप लक्ष्य अगस्त 2025 में ही किया हासिल।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा से शिष्टाचार भेंट की; राज्य के आर्थिक विकास और डिजिटल वित्तीय समावेशन पर हुई चर्चा।
- **और,** देहरादून के सहस्रधारा क्षेत्र में कल देर रात अतिवृष्टि से सामान्य जन–जीवन प्रभावति; प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में आज भारी बारिश का यलो अलर्ट।